
# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.djmp.in/epaper ● चाचौड़ा ● राघौगढ़ ● मुंगावली ● चंदेरी ● पोहरी ● कोलारस ● जीरापुर ● सारंगपुर ● बड़नगर ● नागदा — भोपाल, 16 नवम्बर 2024


## न्यूज कार्नर

### भाजपा जिला मीडिया प्रभारी को पितृ शोक



**ब्यावरा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं नागरिक बैंक चेयरमेन तथा पत्रकार आनंद त्रिपाठी के पिता जी एवं अंकुर त्रिपाठी के दादाजी श्री ओमप्रकाश त्रिपाठी का 81 वर्ष की उम्र में शुक्रवार सुबह दुःखद निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 8.30 बजे स्वनिवास सब्जी बाजार स्थित पारायण चौक नागरिक बैंक से बांसवाड़ा स्थित मुक्तिधाम जाएगी। 81 वर्षीय स्व. श्री त्रिपाठी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत थे और उन्होंने 40 वर्षो तक अपनी सेवाए दी थी। उनके निधन पर जिले भर के भाजपा नेताओं सहित कांग्रेस नेता एवं उनके परिचितों तथा पत्रकारों ने शोक व्यक्त कर शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी है।

### श्री अरविंद खस का निधन



**ब्यावरा।** स्व. गंगाराम जी खस के सुपुत्र ब्रजलाल के छोटे भाई पप्पू, दीपचंद, राजेश के बड़े भाई व राहुल के पिता जी श्री अरविंद खस का गुरुवार रात निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व खराब स्वास्थ्य के चलते उन्हें उपचार के लिए राजधानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार रात उपचार के दौरान उनका स्वास्थ्य बिगड़ा और उनका दुःखद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को सुठालिया रोड स्थित निज निवास से आरंभ होकर मुक्तिधाम पहुंची जहां पुत्र राहुल खस ने चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में बड़ी तादात में गणमान्य नागरिक, स्वजातीय बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

### संत नामदेव जन्मोत्सव कल

**ब्यावरा।** 17 नवम्बर रविवार को अंजनीलाल मंदिर पर जन्मोत्सव का भव्य महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले व प्रदेश भर से समाज बंधुओं का समागम होगा। भव्य चल समारोह आकर्षक झांकियों के साथ अग्रवाल धर्मशाला से सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पंहुचेगा जहां संत नामदेव की महाआरती, प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक आयोजन सम्पन्न होंगे। नामदेव क्षत्रिय दर्जी समाज जिला राजगढ़ समिति के द्वारा सभी समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करने का आव्हान किया गया।


## समीक्षा बैठक में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने जिला प्रभारी मंत्री से की थी लापरवाह डॉक्टर को हटाने की मांग

# लापरवाह डॉक्टर पर हुई कार्रवाई, अटैचमेंट किया निरस्त

**जागरण, ब्यावरा**

जिला मुख्यालय पर पिछले एक सप्ताह से जिला चिकित्सालय राजगढ़ में चल रही गहमागहमी और राजनीतिक उठापटक आदि घटनाओं से राजगढ़ जिला चर्चा में है। 7 नवंबर को जिला अस्पताल में डॉक्टर अमर सिंह धारवे द्वारा शराब पीकर उपचार करने से एक युवती की मौत होने के बाद जिला अस्पताल में शाम 5 बजे से लेकर देर रात तक हंगामा हो गया था। जिसे संभालने के लिए पूरा प्रशासनिक अमल को जिला अस्पताल में तैनात होना पड़ा। इसके बाद विधायक अमर सिंह यादव ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा से मुलाकात कर लापरवाह और लापरवाह डॉक्टर को जिले से बाहर करने की मांग की गई थी। इसके बावजूद भी अधिकारियों द्वारा संबंधित डॉक्टर पर जांच के नाम पर कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया गया था। गुरुवार को आयोजित हुई जिला स्तरीय साधारण सभा की समीक्षा बैठक में शामिल हुए जिला प्रभारी मंत्री चेतन्य काश्यप से विधायक अमर सिंह यादव द्वारा डॉक्टर द्वारा की गई लापरवाही से मौत और उसे पर कार्रवाई नहीं करने पर अधिकारियों की शिकायत की गई थी। इस पर प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए थे।





कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ (म.प्र.)

क्र./स्थापना जी./2024/12037 — राजगढ़, दिनांक 14 / 11/2024

आदेश

दिनांक 07.11.2024 को जिला चिकित्सालय राजगढ़ में हुई घटना के संबंध में डॉ. अमर सिंह धार्वे चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय राजगढ़ (प्रा.स्वा.केन्द्र माचलपुर) जिला राजगढ़ को प्रशासकीय कार्य व्यवस्था की दृष्टि से प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र गोघटपुर में अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक कार्य करने हेतु आदेशित किया जाता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

14/11/24 (डॉ. किरण वाडीवा) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ (म.प्र.)

पृ.क्र./ स्थापना जी. /2024/12038 — राजगढ़, दिनांक 14 / 11 /2024

प्रतिलिपि –

1. स्वास्थ्य आयुक्त, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं म.प्र.भोपाल।
2. संचालक संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं म.प्र.भोपाल।
3. कलेक्टर, जिला राजगढ़ म.प्र.।
4. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय राजगढ़।
5. ब्लाक मेडीकल आफीसर विकास खण्ड जीरापुर की ओर पालनार्थ।
6. मेडीकल आफीसर प्रा.स्वा.केन्द्र माचलपुर/गोघटपुर।
7. डॉ.अमरसिंह धार्वे चिकित्सा अधिकारी द्वारा आर.एम.ओ. जिला चिकित्सालय राजगढ़ की ओर पालनार्थ।
8. लेखा शाखा स्थानीय कार्यालय।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ (म.प्र.)

इस पर कलेक्टर की अनुशंसा पर जिला एवं स्वास्थ्य अधिकारी किरण वाडिवा ने कार्रवाई करते हुए डॉक्टर को जिला अस्पताल से हटाकर गोघटपुर भेज दिया है।

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश, होगी कार्रवाई

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने युवती की मौत पर हंगामा, आरोप शराब पीकर किया इलाज, डॉक्टर का मेडिकल परीक्षण किया शीर्षक से प्रकाशित समाचार के संबंध में जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए जांच दल भी गठित किया गया है। इस संबंध में गुरूवार को जिले के प्रभारी एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव द्वारा की गई शिकायत की भी जांच कराई जा रही है।

मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण बाडिवा ने बताया कि जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. अमर सिंह धारवे द्वारा ड्यूटी पर शराब के उपयोग संबंधी जांच के लिए एफएसल भोपाल को सैंपल भेजा गया है। उक्त चिकित्सक का जिला अस्पताल से अटैचमेंट समाप्त कर पीएचसी गोघटपुर तहसील जीरापुर में पदस्थ किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने वारिस को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी

# मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद कलेक्टर ने वारिस खान को एक लाख रुपए का चेक किया भेंट

**जागरण, ब्यावरा**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ जिले के ब्यावरा निवासी प्लंबर वारिस खान द्वारा एबी रोड हाईवे पर कार पलटने की घटना में शिवपुरी के परिवार के सात लोगों की जान बचाने के लिए एक लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री डॉ. श्री यादव द्वारा गुरूवार को वीडियो कॉल के माध्यम से वारिस से बात भी की थी और उनकी कुशलक्षेम पूछी थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को वारिस को एक लाख रूपए की राशि का चेक भेंट किया।





इस दौरान उन्होंने वारिस से घटनाक्रम की जानकारी भी ली। वारिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह बाइक से बीनागंज जा रहे थे। तभी सामने आ रही कार दुर्घटनावश खंती में गिर गई। उन्होंने बिना देरी कर अपने हाथों से कार के कांच तोड़े और एक-एक कर के सभी यात्रियों को बाहर निकाला। श्री वारिस ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किए एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि के लिए उनका आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि बीनागंज रोड पर भोपाल से बीनागंज जा रहे हैं एक शर्मा परिवार की कार के ब्रेक चिपकने से खाई में जा गिरी थी।

इसी दौरान बीनागंज जा रहे ब्यावरा निवासी श्री पठान ने मौके पर जाकर कार के शीशे तोड़कर कार में फंसे एक परिवार के सात लोगों की जान बचाई थी। इसकी खबर लगते ही मुख्यमंत्री डॉ. श्री यादव ने वारिस के इस साहसी कार्य की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने दूरभाष पर चर्चा करते हुए कहा कि वारिस आपने बहुत अच्छा कार्य किया है। मुसीबत के समय में एक-दूसरे की सहायता करना ही सच्ची मानवता है। आपके इस कार्य से सभी लोगों को प्रेरणा मिलेगी। वे मध्यप्रदेश के गौरव हैं। मुख्यमंत्री डॉ. श्री यादव ने सभी कलेक्टर्स को 15 अगस्त के अवसर पर लोगों की मदद करने वाले साहसी लोगों को सम्मानित करने के निर्देश हैं।

### मंत्री पवार ने किया वारिस पठान का सम्मान

ब्यावरा के नजदीक कार दुर्घटना में शिवपुरी से भोपाल जा रहे एक ही परिवार के 7 घायल सदस्यों की जान बचाने वाले ब्यावरा निवासी वारिस खान को राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने सम्मानित किया। साथ ही उनके सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें लोगों की प्रेरणा का स्रोत भी बताया।

### वारिस पठान का मोती मस्जिद में किया स्वागत



शिवपुरी से भोपाल जाते वक्त ब्यावरा-बीनागंज के बीच में पलटी कार में सवार शर्मा परिवार के 7 लोगों की जान बचाकर कौम का नाम रोशन करने वाले वारिस पठान का शुक्रवार को मोती मस्जिद काजी बाग में फूलमाला से स्वागत किया एवं समीर खान सदर मोती मस्जिद नोजवान सदर अन्नू गोरी मंसूरी पंचायत के सदर आशिक मंसूरी द्वारा 5100 सो रुपए नगद पुरुस्कार दिया गया। जिसमें मोती मस्जिद इमाम कारी इरफान साहब मोज्जिम असलम भाई, नायब सदर रईस खान, मकबूल खान, आशिक भेसाना तय्या हफीज टेलर बल्ला भी मेकेनिक फरीद खान सजर सादिक पप्पू चाचा अजमत समद खान सोनू भैया शाहरुख समीर गोलू अंसारी फिरोज आदि मौजूद रहे।

## छापी नदी को चुनर ओढ़ाकर किया महाआरती का आयोजन

# कार्तिक पूर्णिमा पर 5100 दीपक की रोशनी से जगमगाया सरोवर

**जागरण, जीरापुर**



कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर परिषद द्वारा निरंतर तीसरी बार नगर का गौरव दिवस समारोह छापी बांध पर आयोजित किया गया इस दौरान छापी बांध के घाट पर 5100 दीपक प्रज्वलित किए गए जाकर रंगारंग आतिशबाजी के बाद जनप्रतिनिधियों ने छापी मैया को चुनर अर्पित कर महा आरती की गई।

नगर परिषद द्वारा निरंतर तीसरे वर्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी सपत्नीक शामिल हुए। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती अनसुईया पवन कुशवाह, परिषद सदस्यों सहित अन्य जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारियों की मौजूदगी में छापी मैया की पूजा चुनर अर्पित कर महा आरती की गई।

जहां पं. नंदकिशोर शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई। कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन पर नगर परिषद द्वारा छापी बांध स्थित घाट पर 5100 दीप प्रज्वलित कर छापी नदी को 21 मीटर की चुनरी समर्पित कर रंगारंग आतिशबाजी के बाद जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में जीवनदायिनी छापी नदी की महा आरती की जाकर नगर सहित क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की गई।

इस अवसर पर तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, मुख्य नपा अधिकारी मेहमूद अली खान, थाना प्रभारी टीआई प्रदीप गोलियां, विष्णु सिंह पंवार, ईश्वर सिंह तोमर, रामेश्वर टांक, राजेन्द्र राजकुराड़, अजय बेरिस्टर, नपा नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि कुशाल कुशवाह, पार्षद बंकट माहेश्वरी, शिव मंडलोई, गिरिराज जुलानिया, शंभू वर्मा, मुकेश पुष्पद, संजय भावसार, श्रीमती सुशीला बरेठा आदि पार्षदगण एवं नपा कर्मचारी देवनारायण दांगी, रमेशचंद्र नाथ, रमेश मालवीय, प्रवीण शर्मा, कमल भावसार, भगवान आदि नपा स्टाफ, धार्मिक सामाजिक संगठन सहित अन्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### नामदेव समाजजनों ने निकाला चल समारोह

**नरसिंहगढ़।** संत नामदेव जयंती के अवसर गुरुवार को नामदेव दर्जी समाज के सदस्यो ने चल समारोह निकाला। चल समारोह 3 बजे पांडव चैराहा स्थित काली तलाई मंदिर से शुरू किया। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए चल समारोह सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचा। मार्ग मे कई स्थानों पर लोगों ने चल समारोह का स्वागत किया। मंदिर में भगवान विटठल और संत नामदेव की महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद समाजिक परिचर्चा का आयोजन हुआ। समाज के जिला पदाधिकारियों ने समाज मे एकजुटता पर बल दिया। आयोजन में समाज के अध्यक्ष शिव प्रसाद वैध एवं समाजबंधु मौजूद रहे।

## बिजली सप्लाई में भेदभाव पर ग्रामीणों ने दिया धरना

**जागरण, सुठालिया**

ब्यावरा रोड पर स्थित ग्राम सिलपठी विद्युत फीडर से ग्रामीणों को बिजली सप्लाई में भेदभाव किए जाने को लेकर शुक्रवार दोपहर को फीडर क्षेत्र के किसान ग्रिड धरने पर बैठ गए और ग्रामीण किसानों ने ग्रिड का द्वार अंदर से बंद कर दिया था।



ग्रामीणों का आरोप था कि हमको बिजली समय पर नहीं मिल रही हे जिससे कि हम रवि की फसल गेहूं के लिए खेतों में रिलाई नहीं कर पा रहे है इसके चलते वोबनी भी पिछड़ रही है। क्षेत्र में पांच गांव फीडर के तहत आते है जिनमें नेटाठारी, टोंका, बिसोनिया जिनको बीते पंद्रह दिनों से दिन में तीन घंटे व रात में इतने ही घंटे बिजली दी जा रही है जिससे उनकी पूर्ति नहीं हो पा रही है जबकि छह घंटे दिन में और चार घंटे रात में बिजली दी जानी चाहिए जबकि अन्य गांवों में निरंतर बिजली दी जा रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली वितरण में ग्रिड से भेदभाव किया जा रहा है। इस दौरान आसपास जेपला, धनियाखेड़ी, टोंका, बिसोनिया गांवों के सौ से अधिक किसान पहुंचे और ग्रीड के भीतर ही बैठ गए। वे करीब तीन घंटे तक मुख्य द्वारा बंद करके बैठे रहे।

**इनका कहना है :** ग्रीड से कुछ क्षेत्र में बिजली सप्लाई में वोल्टेज की समस्या है जिसे जल्द ही ठीक कर किसानों को समय पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

**सीतेश गुप्ता**
**जेई विद्युत वितरण कंपनी सुठालिया**

# प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में हुआ लंगर का आयोजन

**जागरण, ब्यावरा**

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर स्थानीय गुरुद्वारे में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शुक्रवार को विशाल लंगर हुआ। लंगर में शहर के करीब 2 हजार लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इसके अलावा गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व अवसर पर समाजजनों ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका। इस मौके पर गुरुद्वारे में विशेष शबद कीर्तन का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी समाज के लोग शामिल हुए। लंगर में आए सभी लोगों का सत्कार समाज के लोगों के द्वारा किया गया और उन्हें प्रेम पूर्वक प्रसादी दी गई। इस अवसर पर गुरुद्वार कमेटी के अध्यक्ष कल्याण सिंह छाबड़ा, रामकिशन सलूजा, सेवक सलूजा, मनप्रीत राजपाल, त्रिलोचन छाबड़ा, दीपक सलूजा, अजय सलूजा, प्रिंस छाबड़ा, टिंकल छाबड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।



गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर गुरुद्वारे में सिख समाज द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। सभी बच्चों के द्वारा गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन की विशेष प्रस्तुति दी जाती है। इसके बाद यहां बच्चों को पुरस्कार वितरण किया जाता है। गौरतलब है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सिख समाज के द्वारा गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर विशेष आयोजन किए गए और गुरुद्वारे को विशेष रूप से सजाया गया। नगर कीर्तन, शबद कीर्तन सहित कई कार्यक्रम गुरुद्वारे में आयोजित हुए।

### महिलाओं ने बैकुंठ चौदस पर किया दीपदान

**ब्यावरा।** बैकुंठ चौदस के अवसर पर श्री अंजनीलाल मंदिर घाट पर बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा दीपदान किया गया। ट्रस्ट परिवार द्वारा साफ-सफाई एवं लाइट की व्यवस्था सहित महिलाओं को बैठनें एवं पीने के पानी की व्यवस्था की। घाट की आकर्षक सजा सज्जा की गई। दीपदान के लिए महिलाएं दोपहर 1 से ही आना प्रारंभ हो गई थी, जो शाम ढलने तक जारी रहा।


In The Court Of Civil Judge Class-I, Biaora, District Rajgarh (M.P)
Presiding Officer : श्रीमती रानो बघेल

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक ( MJC SUC/0000013/2024)
हेमलता दांगी.........आवेदक
V/s
प्रबंधक महोदय शाख केनरा एचएसबीसी बैंक.....अनावेदक
Process Id-/2024
पेशी दिनांक:- 17/12/2024

प्रेषिति –
(1) सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमलता दांगी ने एक आवेदन पत्र धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के तहत मृतक पुरुषोत्तम दांगी पिता भागीरथ दांगी निवासी गांव मोतीपुरा पोस्ट आम्लयाहाट थाना मलावर तहसील ब्यावरा जिला राजगढ म.प्र. की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 December 2024 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17 December 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 07 November 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा — ( श्रीमती रानो बघेल) व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड ब्यावरा जिला राजगढ़ (म.प्र.)


1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


## कालीसिंध के कपिलेश्वर घाट में हजारों लोग पहुंचे, महादेव के दर्शन भी किए

# कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी लगाने उमड़े श्रद्धालु

**जागरण, सारंगपुर**

कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को पवित्र कालीसिंध नदी में हजारों की संख्या में लोगों ने ब्रह्म मुहूर्त पर सूर्योदय से पूर्व आस्था की डूबकी लगाई। साथ ही पवित्र स्नान के बाद मंदिरों में पूजा अर्चना की। मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पवित्र स्नान कर कालीसिंध नदी के तट पर जरुरत मंदों में दान किया गया।



दूसरी ओर क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग कपिलेश्वर मंदिर पहुंचे और स्नान कर बाबा कपिलेश्वर की पूजा अर्चना की। कार्तिक मास की पूर्णिमा पर शुक्रवार को सैकडों श्रद्धालुओं ने महास्नान किया। सुबह के समय तो कम ही संख्या श्रद्धालु पहुंचे, लेकिन दस बजे बाद तो स्नान के लिए कालीसिंध के घाटों पर जगह मिलना मुश्किल हो गया। देर शाम तक स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के लिए सैकड़ो गांवों के श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

**मेले में रहे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम :** महास्नान के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसको लेकर मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते है हुए मेले में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया। इसके अलावा एसडीआरएफ की टीम बुलवाई गई है। कालीसिंध तट पर घाटों पर महास्नान के लिए सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से रस्सियां बांधी गई है। जिससे की श्रद्धालु ज्यादा आगे तक न जा पाए और दुर्घटना की संभावना न रहे। इसके अलावा गोताखोर की भी व्यवस्था की गई। कैमरों से सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी गई।

**मेले में उमड़ी भक्तों की भीड़ :** सारंगपुर के कार्तिक मेले में हजारों के संख्या में भक्त पहुंचे और इस दौरान उन्होंने मेले में आकर्षक झुलो और व्यंजनों का लुत्फ लिया। वही खिलाने व श्रृंगार की सामग्री की भी खरीदारी की।

### श्यामखो महादेव मंदिर पर हुआ हरि हर मिलन

**सुठालिया।** नगर के सुरम्य अतिप्राचीन सिद्ध स्थल श्री श्यामखो महादेव मंदिर पर गुरूवार को हरि हर मिलन चतुर्दशी के अवसर पर छप्पन भोग अन्नकूट का आयोजन किया गया। हरि हर मिलन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान सम्पूर्ण मंदिर परिसर में विशेष साज.सज्जा की गई। भगवान शिव शंकर का आकर्षक श्रृंगार किया गया। सायंकाल 6 बजे भूत भावन भोलेनाथ को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया महाआरती पश्चात प्रसादी वितरित की गई। वहीं महाआरती प्रसादी वितरण के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने दर्शन व प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### युवक पर जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपियों को भेजा जेल

**ब्यावरा।** जिले में आपराधिक बारदात लगातार बढ़ती जा रही है। मलावर थाना क्षेत्र के गांव में एक युवक पर आरोपियों ने तलवार और लाठियो से हमला किया। तलवार और लाठियों से हमले में घायल युवक गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे इलाज के लिए पहले सिविल अस्पताल ब्यावरा लाया गया, यहां से भोपाल रेफर किया गया। सिविल अस्पताल में घायल मोहित जाट पिता मोहन सिंह जाट उम्र 27 साल निवासी ग्राम आगर थाना मलावर ने पुलिस को बताया था कि दोपहर के 2:30 कंगी वाले खेत ग्राम आगर में बड़े पापा के लड़के राजपाल व रामु जाट खेत पर थे। इसी दौरान सुरेश जाट, कुलदीप जाट और शुभम जाट आए सुरेश, शुभम के हाथ में डंडे थे, कुलदीप के हाथ में तलवार तीनों ने आते ही हमला कर दियाए हमले में मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे किसी तरह बचाकर इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। मलावर थाना पुलिस ने आरोपियों पर प्राण घातक हमला की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था, फरार आरोपियों को शुक्रवार को पुलिस ने जेल भेज दिया हैं। थाना प्रभारी मलावार गुलाबसिंह धाकड़ ने बताया कि सुरेश पिता दयाराम, कुलदीप पिता बाबूलाल जाट को न्यायालय पेश किया गया था। एक आरोप अभी फरार है।

## न्यूज कार्नर

### 2 करोड़ रु. की लागत से बनेगा विद्युत ग्रिड

**जागरण महिदपुर** । विधानसभा के गांव खोरिया सुमरा में 2 करोड़ की लागत से विद्युत ग्रिड का निर्माण होगा। जिसके लिए कलेक्टर नीरज कुमार ने उर्जा एवं नव करणीय उर्जा विभाग को शासकीय भूमि का आवंटन कर दिया है। उक्त जानकारी प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के 2023 बजट में खोरिया सुमरा में बनने वाले 33/11 केवी विद्युत ग्रिड के लिए बजट आवंटित हो गया था। शासन ने इसके निर्माण हेतु 2 करोड़ 4 लाख रूपए की राशि भी मंजूर कर दी थी। जमीन आवंटन के लिए मामला कलेक्टर उज्जैन के समक्ष विचाराधीन था। कलेक्टर नीरज कुमार ने चर्चा कर खोरिया सुमरा में भूमि सर्वे क्रमांक 65/1 रकबा 5.320 हेक्टेयर में से 0.48 हैक्टेयर शासकीय भूमि का आवंटन विद्युत ग्रिड के लिए कर दिया है। इसके आदेश एसडीएम राजस्व महिदपुर को कलेक्टर नीरज कुमार द्वारा जारी कर दिए गए हैं। उक्त ग्रिड के लिए शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इस विद्युत ग्रिड के निर्माण से खोरिया सुमरा के साथ ही पीपली खेड़ा, सांगरी खेड़ा, मोची खेड़ा, रसूलपुरा, लसूड़िया मंसूर, आमड़ी, काजी खेड़ी, बणी, खजूरिया मंसूर, ठीकरिया सहित 16 गांवों को लाभ मिलेगा।

### एम पी एस अकादमी परिसर में बाल दिवस मनाया गया



**जागरण महिदपुर।** झारड़ा कटन स्थित नगर की शैक्षणिक संस्थान एम पी एस अकादमी में बाल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती देवी एवं जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर संस्था के डायरेक्टर आशुतोष छजलानी एवं प्रिंसिपल सपना जैन द्वारा पूजन कर माल्यार्पण किया गया । तत्पश्चात भाषण प्रतियोगिता हुई जिसमें बच्चों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया । कार्यक्रम की अगली कड़ी में वन मिनिट प्रतियोगिता, चेयर रेस, मेमोरी टेस्ट प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें बच्चों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम के अंत में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई जिसमें कई बच्चे चाचा नेहरू की वेशभूषा में आए थे । कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा तबला, हारमोनियम, ढोलक की थाप पर जन्म जयंती का गीत गाया । उक्त जानकारी पीईटी दीपक कुमावत ने दी।

### उपकार एवं कृतज्ञता सभा का आयोजन हुआ

**जागरण महिदपुर।** जैन जगत की दिव्य विभूति, वाक चिंतामणि,पूज्य आचार्य विजयराजजी म. सा. की आज्ञानुवर्ती परम विदुषी सेवानिष्ट पूज्य महासती निशांत श्रीजी म. सा. ठाणा 4 के प्रति चातुर्मास की समाप्ति पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रीसंघ द्वारा उपकार एवं कृतज्ञता सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर महासती श्री निशांत श्रीजी म. सा. ने सभी को अपने आशीर्वचन का रसपान कराते हुए कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा का दिन पावन एवं महत्वपूर्ण है ।आज वीर भामाशाह, जैन दिवाकर श्री चौथमल जी म. सा. एवं गुरु नानक देवजी की जन्म जयंती है। चातुर्मास की समाप्ति पर आपने कहा कि चातुर्मास अवधि में सभी श्रावक श्राविकाओं ने धर्म आराधना, तप, त्याग कर वर्षावास को ऐतिहासिक एवं अद्वितीय बनाया, इसके लिए श्री संघ व सभी श्रावक -श्राविकाएं धन्यवाद के पात्र हैं ।

# पहले शिप्रा में डुबकी लगाई, फिर किया दीपदान

## कार्तिक पूर्णिमा पर सुबह से लेकर देर शाम तक चला स्नान और दीपदान का दौर, मेले में भी उमड़ी भीड़



**जागरण उज्जैन।** कार्तिक पूर्णिमा पर आज शुक्रवार सुबह से शिप्रा नदी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान शुरू कर दिया था। बाहर से आए लोग स्नान के बाद दीपदान भी कर रहे थे। वहीं शाम को रामघाट से लेकर छोटे पुल तक घाटों पर बड़ी संख्या में लोग दीपदान करने आए और शिप्रा का आंचल दीपों की रोशनी से जगमगा रहा था। शाम से कार्तिक मेले में भी लोगों की भीड़ लगना शुरु हो गई थी।

उल्लेखनीय है कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शिप्रा नदी में स्नान करने तथा उसके बाद नदी में आटे के दीपक जलाकर प्रवाहित करने की परम्परा है। कार्तिक पूर्णिमा होने से शुक्रवार सुबह मोक्षदायिनी शिप्रा किनारे बने घाटों पर स्नान के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। कार्तिक पूर्णिमा पर रामघाट पर पर्व स्नान सुबह से शुरू हो गया था।श्रद्धालुओं द्वारा शिप्रा स्नान कर दान-पुण्य किया जा रहा है था। वहीं आज महीने भर से कार्तिक स्नान कर रही महिलाओं ने पूर्णिमा स्नान का समापन किया। शाम को राधा-दामोदर एवं तुलसी का पूजन कर हजारों की संख्या में महिलाओं द्वारा दीपदान किया गया। इस दौरान रामघाट से लेकर छोटे पुल तक शिप्रा किनारे बने घाटों पर दीपदान करने वालों की भीड़ उमड़ी और दीपों की रोशनी से शिप्रा का आंचल जगमगा उठा था।

इधर शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ग्रामीण अंचलों से आए श्रद्धालुओं ने शिप्रा में स्नान कर देव दर्शन किए। हजारों दीपक नदी में सुबह से देर शाम तक जगमग करते हुए दिखाई दिए। शाम से शिप्रा तट पर कार्तिक मेले में भी भीड़ उमडऩा शुरु हो गई थी। कार्तिक मेला पूरे महीने चलेगा। हालांकि अभी भी यहां खाने-पीने से लेकर मीना बाजार की दुकानें पूरी तरह नहीं बन पाई है। अगले तीन-चार दिनों में मेला व्यवस्थित लगने लगेगा। यहां बड़े झूले खड़े हो गए हैं।

### पुराणों मे है दीपदान का वर्णन

ज्योतिष आचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि शिप्रा नदी में दीपक छोडऩे के लिए ग्रामीण अंचलों तथा बाहर से भी हजारों की तादाद में लोग पहुंचते है। पुराणों के उल्लेख है कि जो मनुष्य मंदिर और घर के मंदिर में दीप दान करता है, वह सभी सुखों को प्राप्त करता है। पद्मपुराण के अनुसार मंदिरों में और नदी के किनारे दीपदान करने से माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# महाकाल की भस्म आरती में प्रवेश के लिए रिस्ट बैंड व्यवस्था शुरू

## कलेक्टर और एसपी सुबह पहुंचे महाकालेश्वर मंदिर, मुआयना किया



**जागरण उज्जैन।** महाकाल मंदिर में प्रतिदिन तड़के होने वाली भस्मार्ती में होने वाली धांधली को रोकने के लिए शुक्रवार तड़के से रिस्टबैंड व्यवस्था शुरू कर दी गई। सुबह कलेक्टर नीरजसिंह और एसपी प्रदीप शर्मा मौके पर पहुंचे और व्यवस्था का मुआयना किया।

उल्लेखनीय है कि श्रद्धालुओं में भस्मार्ती को लेकर बहुत उत्सुकता रहती है। खासकर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं में। उनकी इस उत्सुकता का फायदा ही कतिपय लोग उठाते हैं। यूं तो भस्मार्ती में 1800 लोगों की प्रवेश व्यवस्था है लेकिन वीआईपी और अन्य दीगर कोटे के नाम पर दर्शनार्थियों को चूना लगाया जाता है। इसके लिए हजारों रुपए वसूले जाते हैं।

भस्मार्ती में होने वाले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की काफी कोशिश की गई लेकिन इस पर प्रभावी रोक अभी तक नहीं लगाई जा सकी। हाल ही में कई मामले सामने आने के आद मंदिर समिति प्रशासक गणेश धाकड़ ने रिस्ट बैंड व्यवस्था लागू करने का फैसला किया था। शुक्रवार तड़के से इसे लागू कर दिया गया।

### कलाई पर बांधना होगा श्रद्धालुओं को

दरअसल रिस्ट बैंड कलाई पर बांधा जाने वाला सफेद बैंड है। इसमें क्यूआर कोड है। भस्मार्ती करने वाले श्रद्धालु मोबाइल नंबर बताकर यह बैंड हासिल कर सकते हैं। इसे रिस्ट पर लगाना अनिवार्य रहेगा। बैंड में श्रद्धालु की सारी जानकारी रहेगी और इस तरह दुरुपयोग नहीं हो सकेगा।

### अवंतिका द्वारा के समीप है काउंटर

यह बैंड मानसरोवर भवन के जनरल एवं अवंतिका द्वार के पास स्थित काउंटर से मिलेगा। यहां संपर्क कर मोबाइल नंबर बताना होगा। जरूरी औपचारिकता पूरी करने के बाद बैंड प्रिंट करके दिया जाएगा।

### रिस्ट बैंड के बगैर नहीं मिलेगा भस्मार्ती में प्रवेश

रोज तड़के होने वाले भगवान महाकाल की भस्म आरती में प्रवेश पाने के लिए के लिए रिस्ट बैंड अनिवार्य रहेगा। इसके बगैर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मंदिर प्रशासक गणेश धाकड़ ने बताया कि नई व्यवस्था से भस्मार्ती प्रवेश में होने वाली अनियमितता को रोका जा सकेगा।

### गौरव दिवस के रूप में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती



**जागरण माकड़ौन।** बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर 2024 को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। स्वतंत्रता संग्राम में भी उन्होंने अपना सहयोग किया था। अंग्रेजों के खिलाफ जंग के लड़े थे। उनको हम नमन करते है। करते हुई उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित की गई इस आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद माकड़ौन अध्यक्ष गोकुल मालवीय, नगर परिषद उपाध्यक्ष करण सिंह गुर्जर,भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप सिंह गामी, पार्षद अर्जुन सिंह धाकड़ रतन सिंह पार्षद बिट्टू सोलंकी सहित कई अन्य पार्षदगण जनप्रतिनिधिगण और आदिवासी समाज के सभी वरिष्ठ व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# सदावल में नये हेलीपेड निर्माण के टेंडर जारी

## 8 महीने में काम पूरा करने का दावा,4 हेलीकॉप्टर उतर सकेंगे





**जागरण उज्जैन।** महाकाल नगरी उज्जैन से हेलिकॉप्टर द्वारा ओंकारेश्वर दर्शन करने वाले श्रद्धालु सदावल में बनने जा रहे नए हेलीपेड से उड़ान भर सकेंगे। यहां चार हेलिकॉप्टर उतर सकेंगे। पीडब्ल्यूडी ने इसके लिए टेंडर लगा दिया है। निर्माण एजेंसी तय होने के बाद छह या आठ माह में इसके बनकर तैयार होने का दावा अधिकारी कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सदावल में हेलीपेड बनाने की योजना तैयार की गई है, जो अब अंतिम चरण में है। लोक निर्माण विभाग ने इसका टेंडर जारी कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार इसके लिए 14 माह की समय सीमा तय की गई है, लेकिन विभाग इसे छह या आठ माह में ही तैयार कर देगा। पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री गौतम अहिरवार ने बताया आठ माह में ही इसे बनाकर तैयार कर देंगे। बडऩगर रोड से इसको जोडऩे के लिए एप्रोच रोड बनाई जाएगी और बिल्डिंग वर्क भी होगा। चारों तरफ बाउंड्रीवॉल भी होगी। गौर तलब है कि उज्जैन में हर बारह साल में सिंहस्थ आयोजित होता है, लेकिन अभी केवल हेलीपेड नागझिरी क्षेत्र में है। सरकार ने हाल ही महाकाल से ओंकारेश्वर और ओंकारेश्वर से महाकाल के लिए हवाई सेवा शुरू की है। सदावल में हेलीपेड बनने से सीधे लोग यहीं से बुकिंग कर हवाई सेवा का लाभ ले सकेंगे। शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड के लिए सर्वसुविधायुक्त लाइन का भूमिपूजन किया गया जिसमें सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और निगम अध्यक्ष कलावती यादव मौजूद रहे।

### ओंकारेश्वर के लिए भर सकेंगे उड़ान

पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता योगेंद्र बागोले ने बताया कि सदावल में हेलीपेड बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। यहां से ओंकारेश्वर के लिए भी हेलिकॉप्टर उड़ान भर सकेंगे।

### भवसागर से पार उतरने के लिए ईश्वर ने मानव शरीर दिया है : पं कमल किशोर जी नागर



**जागरण तराना।** यह काया मोक्ष प्राप्ति का साधन है, इस काया से भगवान का भजन करना चाहिए। माया मोह से मुक्त होने का प्रयास करते हुए निरंतर प्रभु स्मरण करते रहे उपरोक्त विचार मालव माटी के परम संत कमल किशोर जी नागर ने स्थानीय सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर के शिखर कलश प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उपस्थित भक्तों के समक्ष व्यक्त किए।

पंडित नागर जी का स्वागत यजमान तेजकरण पंडा जी ,कृष्णदास सोमानी नाना भैया ,डॉक्टर अनोखीलाल पाटीदार ,मुन्नालाल जाट महेश सोनी ने किया। शिखर कलश की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उसे मंदिर के शिखर पर स्थापित किया गया सप्त दिवसीय यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात महा आरती तथा महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसका नगर और ग्रामीण क्षेत्र के हजारों भक्तों ने लाभ लिया उपरोक्त जानकारी हरिनारायण पटेल ने दी।

### इंजी.प्रकाश कीर बने समाज समाज के अध्यक्ष



**जागरण उज्जैन।** कीर समाज धर्मशाला, बिलोटीपुरा उज्जैन पर वर्तमान अध्यक्ष तेजू बाबा का 3 वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर साधारण सभा 15 नवंबर को आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से इंजीनियर प्रकाश कीर को आगामी 3 वर्ष हेतु अध्यक्ष चुना गया।

इस निर्वाचन पर समाज के पूर्व अध्यक्ष श्याम चौहान, बन्नासिंह बैंक मेनेजर अंतरसिंह जूनाखेड़ी, कैलाश मवड़ी, गणपत चन्द्रावतीगंज, घनश्याम गौतमपुरा, गिरधारी फतेहाबाद, मोहन ठेकेदार मांगलालिया कांकड़, विष्णु नेता मांगललिया कांकड़, जाटालसिंह चौहान प्रेम नगर, संतोष आवलिया भूतिया जिला अध्यक्ष योगेश दायमा हामूखेड़ी छगनलाल गोपालपुरा रामेश्वर रूद्रवासा दिनेश खंडा खेड़ी मांगीलाल चिंतामण अनिल कीर, राज कीर, धर्मेन्द्र कीर, राहुल जितेन्द्र कीर, घनश्याम कीर रायपुर पप्पूसिंह राठौर, आसाराम चिंतामण जितेन्द्र नागझिरी कृष्ण के चंदेसरी हर्षित कीर पटेल नरेन्द्र रोहित मंगल कीर, रोहित कर आदि ने साधारण सभा में उपस्थित होकर हर्ष व्यक्त किया। यह जानकारी हर्षित कीर ने दी।

# जैन समाज के द्वारा सिद्धा चल महातीर्थ की भाव यात्रा कर मनाया कार्तिक पूर्णिमा महापर्व

## अ.भा. श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के 66 वें स्थापना दिवस पर किया झंडा वंदन



**जागरण महिदपुर** । स्वागत सकल जैन श्रीसंघ द्वारा 15 तारीख शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में सिद्धा चल महातीर्थ की भाव यात्रा कर दोपहर 2 बजे सकल जैन समाज द्वारा सामूहिक देवंदन एवं आरती की गई । परिषद की स्थापना दिवस पर परिषद साथियों एवं सकल जैन समाज द्वारा झंडा वंदन किया गया। तत्पश्चात सकल जैन श्री संघ के साधार्मिक वात्सल्य का आयोजन शाम 5ः00 बजे नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया सभी कार्यक्रमों में समाजजनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया कार्तिक पूर्णिमा का जैन धर्म में विशेष महत्व है क्योंकि चातुर्मास जो आषाढ़ चतुर्थी से प्रारंभ होता है और कार्तिक पूर्णिमा के दिन संपन्न होता है। इसी दिन से सिद्धा चल महातीर्थ गिरिराज पालीताणा की यात्रा पुन प्रारंभ होती है आज ही के दिन द्राविड़ वारिखिल्लजी, पांडव आदि करोड़ों मुनियों के साथ सिद्धा चल महातीर्थ से मोक्ष में पधारे। जैन साधु साध्वी चातुर्मास संपन्न होने से अपनी विहार यात्रा आज से पुनः प्रारंभ करते हैं जैन समाज के लिए आज का दिन विशेष महत्व रखता है आज के दिन समाज के सभी लोग सिद्धाचल महातीर्थ की भाव यात्रा कर देवंदन करते हैं। चातुर्मास में चार माह तक नित्य सुबह-शाम प्रतिक्रमण करने वाली महिलाओं को एवं घर-घर पाठशाला के अंतर्गत 3 वर्ष से 20 वर्ष तक के बच्चों को सूत्र याद करने पर महिला परिषद महिदपुर रोड़ द्वारा पुरस्कृत किया गया । साथ ही वर्ष भर में 40 से अधिक महिलाओं द्वारा 12000 से अधिक सामयिक की गई । जिनको पुरस्कृत करने का लाभ लाभार्थी रमेश चंद अमित कुमार अंकेश कुमार रुहांश कुमार कोचर परिवार मावा वाला द्वारा लिया गया । साथ ही 3 वर्ष में 1024 सामायिक करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत करने का लाभ लाभार्थी मनोहर लाल हेमंत कुमार सिद्धार्थ कुमार, आर्जव, दिवम, विरम कोचर मावा वाला परिवार द्वारा लिया गया। नगर में मातृशक्ति द्वारा नियमित सामायिक का उद्घोष परम पूज्य साध्वी विद्ववद गुणा श्री जी एवं रश्मि प्रभा जी महाराज साहब की पावन प्रेरणा एवं मंगलकारी आशीर्वाद से गतिमान है। उक्त स्वर्णिम कार्यक्रम में जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडिया, क्षेत्रीय विधायक ,सकल जैन श्री संघ, नवयुवक महिला, बहु,तरुण बालिका परिषद के सभी साथी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया । उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### म.प्र. परिमंडल कार्यकारिणी का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित



जागरण उज्जैन। मंगलनाथ मार्ग स्थित गोविन्दम सभागृह उज्जैन में मप्र परिमंडल भारत संचार निगम की पेंशनर एसोसिएशन कार्यकारिणी का अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसमें म.प्र. के जिला सचिव व पदाधिकारी अपनी लंबित समस्याओं से संबद्ध प्रकरणों का चिंतन मनन किया गया।

सन् 2017 से सातवें पेंशन रिविजन प्रकरण मुख्य मुद्दा था जो केट, पीबी केट व उच्च न्यायालय से एसोसिएशन के पक्ष में फैसला हो जाने के बाद भी लागू नहीं किया गया है। जीवन प्रमाण पत्र व पेंशनर की अन्यान्य समस्याओं पर भी परिमंडल सचिव वी एस ठाकुर ने प्रकाश डाला। न्यायालय, एसोसिएशन व विभागीय परामर्श के लिए 10 जनवरी 2025 को सहमति से निराकरण की संभावना परिमंडल सचिव वीएस ठाकुर ने व्यक्त की है।

# श्री गुरूनानक देवजी महाराज जयंती पर आयोजित रागी जथा द्वारा किए गये शब्द कीर्तन ने समां बांधा



**जागरण नागदा।** श्री गुरूनानक देवजी महाराज का प्रकाश उत्सव पर्व के अवसर पर गुरूद्वारा गुरूनानक दरबार ट्रांसपोर्ट एरिया जीवाजी नगर नागदा पर श्री अखण्ड पाठ साहिब, शबद कीर्तन के साथ ही लुधियाना से आये रागी जथा के द्वारा शबद कीर्तन किया गया। जिसे सुनने सैकडो की संख्या में धर्मप्रेमी जनता उपस्थित रही। दोपहर 12 बजे अरदास एवं लंगर के साथ ही आयोजन का समापन हुआ।

सुबह श्री अखण्ड पाठ साहिब के समापन के पश्चात् 10 बजे से शबद कीर्तन किया गया। जिसमें लुधियाना से आये भाई बलकारसिंह बीर के द्वारा रागी जत्थे के द्वारा शबद कीर्तन किया गया। 12.30 बजे के पश्चात अरदास व गुरू का अटूट लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं नागरिक शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक डॉ तेज़बहादुर सिंह चौहान, पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ पी गेहलोत, डॉ जी एस साहनी, प्रधान त्रिलोचन सिंह खालसा, अमरीक सिंह, दिलबाग सिंह, गुरविंदर सिंह नागी, डॉ एस आर चावला, सुरेश पंजाबी, हेमंत दासवानी, लखविंदर सिंह, चरणजीत सिंह बच्चू, कुलदीप सिंह, जसप्रीत सिंह, गंगा सिंह, नरेंद्र सिंह, रवींद्र सिंह, जसमिंदर सिंह रेहल, भवदीप सिंह, जरनैल सिंह, प्रकाश सोहल, देवेंद्र सिंह, रंजीत कुंदी, रूबी कुंदी, सोनू गुर ,प्रेम सिंह हंस , सिमरनजीत सिंह , अमृतपाल सिंह, त्रिलोचन सिंह हंस , नरेश कुंदी, तरशेम सिंह , हरजीत सिंह , कमलजीत सिंह सहित आदि समाज जन मौजूद थे। उक्त जानकारी अमनदीपसिंह खालसा ने दी है।

### उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह

**जागरण उज्जैन।** उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पारिवारिक माहौल में उज्जैन के समस्त टेंट हाउस व्यापारी शामिल हुए। कोषाध्यक्ष फ़िरोज़ मंसुरी, संरक्षक कप्तान बोबल ने बताया कि उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन द्वारा विगत कई वर्षों से व्यापारियों के मध्य दीपावली मिलन समारोह पारिवारिक रूप से आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कलावती यादव नगर निगम अध्यक्ष, राजेश हार्डिया फेडरेशन ऑफ़ मध्य प्रदेश टेंट हाउस एसोशिएसन महासचिव, ठाकुर आनंद सिंह खिंची भाजपा नगर उपाध्यक्ष, दिनेश राठौड़ लायंस क्लब अध्यक्ष, विशेष अतिथि नागदा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ललित सोलंकी, संगीत सोलंकी ओर झारड़ा के अध्यक्ष छोटू सेठ के आतिथ्य में मनाया गया। नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा दीपावली मिलन के इस परिवारिक माहौल को मंगलमय दिवस बनाने की बात कही गई। व्यापारियों की समस्याओं के लिए हर संभव मदद की भी घोषणा की गई। राजेश हार्डिया ने व्यापारी साथियों को बेस्ट एवं श्रेष्ठ कार्य करने की सलाह दी गई।

# कार्तिक पूर्णिमा पर सद्गुरु नाना महाराज गुरु मंदिर से निकली पालकी यात्रा

## दिगंबरा दिगंबरा के नाम से गूंजा शहर



**जागरण तराना।** माँ अहिल्या की नगरी तराना मे कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री नाना महाराज गुरु मंदिर प्रांगण से पालकी यात्रा निकाली गई नाना महाराज गुरु मंदिर सेवा न्यास अध्यक्ष संजय तराणेकर द्वारा जानकारी देते बताया गया की नाना महाराज तराणेकर की कर्मभूमी तपस्थली तराना मे सद्गुरु प्राप्ति हेतू कठीण तपस्या के फळस्वरूप स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ने प्रकट होकर श्री नाना को गुरूदिक्षा प्रदान की थी शुभ दिवस कार्तिक पूर्णिमा को अनुग्रह प्राप्त होनें के अनुसार प्रत्येक वर्ष श्री नाना जी की जन्म स्थळी तराना मे कार्तिक पूर्णिमा को प्रगटोत्सव आयोजित किया जाता है।

इस अवसर पर संपूर्ण भारत गण से एकत्रित होकर नाना भक्त नाना की भक्ति का आनंद लेते हैं वही नाना महाराज के अनुज काका महाराज की पालकी खामगांव से तराना पहुँची वही तराना मे दो दिवसीय प्रगटोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे 14 नवंबर को संगीत सम्मान समारोह आयोजित किया और 15 नवम्बर को नाना का अभिषेक पूजन एवं कांकड़ आरती की गई तत्पश्चात प्रभाती भजन होने के पश्चात पालकी यात्रा निकाली गई जो मंदिर प्रांगण से प्रारभ होकर बस स्टेण्ड , मंगलनाथ मंदिर पहुंची जहाँ मंगलनाथ भक्त मंडली द्वारा पालकी का पुष्प वर्षा कर स्वागत कर सभी भक्तो को अल्पाहार करवाया वही दत्त मंदिर होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची।

नगर मे पालकी यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किया पालकी समापन के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन कर प्रकटोत्सव का समापन किया।

## न्यूज कार्नर

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर निकाला गया चल समारोह



**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में बड़ी संख्या में चल समारोह निकाला गया और बताया गया कि बिरसा मुंडा महान व्यक्तित्व महान जनता संग्राम सेनानी बनवासी क्षेत्र में काम करने वाले बनवासी बंधु अंग्रेजों के अत्याचार सामंतवाद धर्मांतरण के विरोध में वनवासी बंधुओ को इकट्ठा करने में आंदोलन खड़ा करने में उनकी एक महत्वपूर्ण अविस्मरणी भूमिका को आज याद करना एवं उनके आचरण को दिए गए कार्यों को हम याद रखें अपने जीवन में आचरण में लाएं जीवन स्तर सुधारे बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को बिहार के छोटा नागपुर क्षेत्र के छोटे से गांव में हुआ कहते हैं बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे किंतु पढ़ने के लिए ईसाइयों का धर्मांतरण किया प्राथमिक शिक्षा के बाद वह आनंद पांडे वैष्णव के संपर्क में आए और वैष्णव धर्म की शिक्षा दी हिंदू संस्कृति का ज्ञान प्राप्त किया। आज हम स्मरणीय स्वतंत्रता संग्राम को याद कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं कार्यक्रम के अंत में सवाई समाज बंधुओ का संस्कृति संरक्षण उत्सव समिति की ओर से सहभोज का आयोजन किया गया, इस दौरान ओमप्रकाश कोरकू सेवानिवृत मुंगावली, सूरत सिंह सोलंकी सेवा निवृत्त अधीक्षक भरोसीलाल बरैया, भानसिंह, प्रीतम सिंह बाबू,लक्ष्मण, देशराज, गोकुल, जसरथ, गोवर्धन, पवन, पप्पू, रामविलास, अमर सिंह, घुमन सिंह,सालिगराम, अशोक, पन्नालाल, श्यामलाल, मुन्नीबाई, तुलाराम आदि समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### औद्योगिक क्षेत्र के विकास बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में नवीन औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन सहित जिले के निवेशक उपस्थित रहे।

### अंतर्राज्यीय बस स्टेण्ड के सुचारू संचालन के लिए बैठक आयोजित



**जागरण, शिवपुरी।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में गत दिवस अंतरराज्यीय बस स्टैंड के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर बैठक आयोजित की गए। बैठक में उपस्थित सदस्यों से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बैठक में यातायात प्रभारी एवं जिला परिवहन अधिकारी को निश्चित रूट पर चलने वाली बसों की संख्या के आधार पर अलग-अलग टर्मिनल निर्धारित कर बस संचालन के निर्देश दिए हैं। बस स्टैंड पर पर्याप्त रोशनी के लिए नगर पालिका द्वारा हाईमास्ट लाइट लगवाई जाए। इसके अलावा सीएमओ और परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड निगरानी समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। बस स्टैंड पर जो खराब कंडम बसें हैं और अवैध अतिक्रमण है उसको हटाया जाए। बैठक में उपस्थित नगर पालिका सीएमओ को एक सप्ताह में विशेष सफाई अभियान चलाकर बस स्टैंड परिसर, शौचालय आसपास सफाई करने और नियमित सफाई कर्मियों की व्यवस्था करने और परिसर में बनी पानी की टंकियां तक पाइप लाइन द्वारा जल आपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा रैन बसेरे के लिए संकेतक लगाए जाएंगे और यात्रियों के लिए आरओ वाटर पानी उपलब्ध कराने के लिए वॉटर प्यूरीफायर लगवाने के लिए भी निर्देश दिए हैं। सुरक्षा की दृष्टिकोण से नियमित पुलिस स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी और पुलिस सहायता केंद्र बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। यातायात टीम द्वारा बस स्टाफ का पुलिस वेरीफिकेशन करने के लिए बस ऑपरेटर द्वारा आईडी उपलब्ध कराई जाए ताकि यातायात टीम द्वारा बस स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जा सके। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, एसडीएम शिवपुरी उमेश कौरव, एसडीओपी शिवपुरी, जिला परिवहन अधिकारी, सीएमओ यातायात प्रभारी, जनप्रतिनिधि हरवीर रघुवंशी, बस ऑपरेटर एवं नगर पालिका के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**नगर कीर्तन में महिलाओं ने भी संभाला सफाई का मोर्चा, लगाई झाड़ू**



**जागरण अशोकनगर।**

शुक्रवार को शहर में प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन निकाला गया। हर नगर कीर्तन की शोभायात्रा में युवा व पुरुष सड़कों की सफाई के लिए आगे-आगे झाड़ू लगाते हुए चलते थे लेकिन इस बार भी महिलाओं और युवतियों ने भी नगर कीर्तन में आगे झाड़ू लगाई।

सिख धर्म के प्रवर्तक श्री गुरू नानक देव जी का प्रकटोत्सव था। इस अवसर पर शहर में दोपहर को गुरूद्वारे से नगर कीर्तन निकाला गया। जिसमें आगे-आगे पंच प्यारे चल रहे थे। शोभायात्रा में सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। शोभायात्रा के आगे टैंकर चल रहा था इस छोड़े गए पानी से सड़कों की धुलाई की जा रही थी। पानी को हटाने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा झाड़ू लगाई जा रही थी। खास बात यह रही कि इस बार भी महिला श्रद्धालुओं ने भी झाड़ू लगाई। नगर कीर्तन गांधी पार्क, इद्रा पार्क सुभाष गंज, स्टेशन रोड़ से होकर पुनः गुरूद्वारे पहुंचा। शोभायात्रा जिस-जिस जगह से गुजरी वहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। वहीं इस बार शहर में 35 स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे। वहीं गुरुद्वारा में दिनभर लंगर चलता रहा, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने मत्था टेककर प्रसाद लिया।



## शिव पार्वती संवाद से हुआ रामलीला का शुभारंभ

**जागरण अशोकनगर।**

श्रीराम सिद्ध कला परिषद द्वारा 15 दिवसीय रामलीला महोत्सव का शुभारंभ विगत रात्रि मुख्य अतिथि संजय रघुवंशी द्वारा फीता काटकर एवं रामायण जी की आरती कर किया गया। जिसमें विशेष अतिथि विवेक शर्मा एसडीओपी,टीआई नरेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र भारद्वाज, राजकुमार यादव एवं अन्य पार्षदगण उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत लीला के निर्देशक अनिल शर्मा द्वारा किया गया। परिषद के सचिव पियूष पाराशर ने बताया



रामलीला में शिव पार्वती संवाद का मंचन किया। जिसमें शिव का अभिनय विवेक शर्मा एवं पार्वती का अभिनय उनकी पत्नी श्रीमती रानी शर्मा द्वारा किया गया। मंचन में पार्वती जी द्वारा भगवान श्री राम की कथा सुनने की ईकछा शिवजी के सामने प्रकट की तब शिवजी ने अति प्रसन्न होकर भगवान की कथा उन्हें सुनाना आरंभ किया। श्रद्धालुओं ने देर रात तक भगवान की लीलाओं के मंचन का आनंद लिया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का आभार परिषद के अध्यक्ष शीतल संधू द्वारा किया। कार्यक्रम में ऋषि त्रिपाठी,ब्रिज नारायण दुबे,पवन शर्मा,बंधु शर्मा,लक्ष्मण बघेल, बृजेश शर्मा,विजय बैरागी, देवेंद्र रघुवंशी, राहुल साहू, नीरज पटेल,आशीष दुबे,दुर्गेश शर्मा,प्रमेन्द्र आदि कलाकार उपस्थित रहे।

## शाढ़ौरा पब्लिक स्कूल में हुआ बाल मेले का आयोजन

**बाल मेला का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा शिक्षा स्वास्थ्य का ध्यान रखना: रेखा नामदेव**

**जागरण शाढ़ौरा।**

पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन और बाल दिवस के उपलक्ष्य में शाढोरा पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद एडवोकेट रेखा नामदेव पत्रकार, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट शशिकांत नागोरिया नामदेव पूर्व पार्षद,अरविंद रघुवंशी रिटायर्ड प्रिंसिपल, देवीलाल शर्मा रिटायर्ड शिक्षक, खेमराज पाल रिटायर्ड प्रधानाध्यापक, रवि मोहने पार्षद,भरत जैन पत्रकार उपस्थित अतिथियों ने मां शारदा की पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शाढौरा



पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल रामकुमार रघुवंशी एवं स्टाफ के शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर एवं स्वागत भाषण देकर किया। मंच पर छोटे-छोटे बालक बालिकाओं ने नाटक का मंचन किया और छोटी-छोटी प्रतिभाओं ने अपने टैलेंट को स्पीच के माध्यम से दिखाया।

मुख्य अतिथि पार्षद रेखा नामदेव पत्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाढ़ौरा पब्लिक स्कूल बाल मेला का आयोजन एक सफल आयोजन रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन निक्की रघुवंशी, रजनी मोहने, ने किया। एवं इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया । इस बाल मेला की विशेष बात रही कि उपस्थित प्रत्येक सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। जिससे कि उनका मनोबल बड़े और आगे भी ऐसी गतिविधियों में सक्रिय रहे। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं स्कूल का स्टाफ एवं पालकगण उपस्थित रहे।

## अंडर 15 के खिलाड़ी ट्रायल के लिए हुए ग्वालियर रवाना



**जागरण अशोकनगर।** अंडर 15 के समस्त खिलाड़ियों का हुआ ग्वालियर संभाग स्तरीय ट्रायल के लिये सिलेक्शन ट्रायल के लिए चयनित 8 खिलाड़ियों को किया रवाना। जिनमे नकुल रघुवंशी, यश जैन, अंश त्यागी, मानस रघुवंशी, अमन बहुसन, विकास राय,कृष्णा चौरसिया ओजस शुक्ला का हुआ चयन अशोकनगर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेसन के अध्यक्ष जजपाल सिंह जज्जी,उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, कोषाध्यक्ष महेन्द्र भारद्वाज,सचिव अरुण रघुवंशी, सदस्य दुष्यंत सिंह, रजनीश सिंघई ने चयनित खिलाड़ियों को रवाना कर शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## आनन्द पब्लिक स्कूल में मनाई गई बिरसा मुंडा जयंती

**जागरण अशोकनगर।** शहर के आनन्द पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा बिरसा मुंडा जयंती महोत्सव पर बाल मेले का आयोजन कर बिरसा मुंडा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों ने महापुरुषों के नाम पर बच्चों ने अपनी अपनी दुकानों के नाम रख कर उनके विचारों को प्रदर्शित कर संदेश के रूप में सबको प्रेरित किया। बाल मेले के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती स्वाति सुभाष कुमार द्विवेदी ने सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर बाल मेले का शुभारंभ किया उसके बाद महापुरुषों के नाम पर लगाई गई बच्चों द्वारा दुकानों का अवलोकन किया। कई बच्चे महापुरुषों का स्वरूप बने जिसमें विवेकानंद जी का स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। उसके बाद कई बच्चों द्वारा राम मंदिर, चंद्रयान 3,मानव हृदय, पृथ्वी का वायुमंडल,सोलर कुकर आदि के मॉडल बनाए गए उनका भी अवलोकन किया मॉडल में राम मंदिर का मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें एक बच्चे ने राम मंदिर का मॉडल बनाया था। संयोग से कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति सुभाष कुमार द्विवेदी का जन्मदिन था उन्होंने अपने जन्म दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को टॉफी वितरण की गई। समस्त विद्यालय परिवार एवं स्कूली बच्चों ने उनको जन्मदिन की



शुभकामनाएं दी। विद्यालय के बच्चों ने अपनी-अपनी दुकानों के नाम महापुरुषों के नाम पर रखे एवं उनके विचारों को अपनी दुकानों पर लिखे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती द्विवेदी ने कहा कि महापुरुषों के विचार हमारे लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे। एवं विद्यालय के सभी बच्चों को आशीर्वाद स्वरुप उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं कार्यक्रम के अंत मे आभार प्राचार्य श्रीमती रेखा आनन्द कुमार शर्मा ने व्यक्त किया।

# शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक हितग्राही को मिलना चाहिए : प्रभारी मंत्री

**आयोजित हुए कार्यक्रम, जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनी बिरसा मुंडा की जयंती**

**जागरण, शिवपुरी।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का प्रसारण जिले में भी किया गया। शिवपुरी में यहां जिला स्तरीय कार्यक्रम शिवपुरी विकासखंड की ग्राम पंचायत बासखेड़ी में हुआ। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री और राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।

प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बांसखेड़ी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन से यही अपेक्षा है कि समस्त पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। आज हम जनजातीय गौरव के दिवस के रूप में मना रहे हैं और हमारे विकास की गाथा में जनजातीय वर्ग के योगदान को याद कर रहे हैं जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए पीएम जनमन अभियान के तहत योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है इसके अलावा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है जिसमें





शिवपुरी जिले के 234 गांव चिन्हित हैं। प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि लोगों की समस्या निराकरण के लिए विधानसभा स्तर पर कैंप लगाए जाएं। हमारा उद्देश्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचना है। शिवपुरी जिले में पीएम जनमन अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित जनजाति बाहुल्य ग्रामों तक पक्की सड़क और विद्युतीकरण, हर घर नल से जल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में कन्या शिक्षा परिषर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित डॉक्युमेंट्री प्रस्तुत की गई। विभिन्न छात्रावास की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, कोलारस विधायक महेंद्र यादव, करैरा विधायक रमेश खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिला अध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक सुरेश राठखेड़ा, जनपद अध्यक्ष हेमलता रावत, बांसखेड़ी की सरपंच संपतबाई, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तुरसनपाल बरिया, हरवीर रघुवंशी, केशव सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर रवींद्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हितग्राहियों को किया लाभ वितरण

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, जनजातीय बच्चों के लिए आकांक्षा योजना, वनाधिकार पट्टे वितरण, उद्यानिकी विभाग द्वारा पीएफएमई योजना के तहत आटा चक्की, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना, मातृ वंदना योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बैंक लिंकेज के तहत स्वयं सहायता समूहों को राशि वितरण की गई। 19.80 करोड़ की लागत से बनने वाले 33 बहुउद्देशीय केंद्रों का भूमि पूजन किया गया। खिलाड़ियों को किया सम्मानित कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रभारी मंत्री ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कन्या शिक्षा परिसर की छात्रा लक्ष्मी भिलाला और शिवानी भिलाला को नेशनल मिनी वर्ग जूडो प्रतियोगिता के लिए सम्मानित किया। हैंडबॉल में रजत पदक विजेता शीला पटेलिया की टीम को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## अज्ञात कारणों से भड़की आग से ट्रक जलकर हुआ स्वाहा



**जागरण, शिवपुरी।** तेंदुआ थाना क्षेत्र के खरई गांव के पास कोटा झांसी फोरलेन हाईवे पर आज शुक्रवार की सुबह 5 बजे एक ट्रक में अज्ञात कारणों से आग भड़क गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची तेंदुआ थाना पुलिस ने फायरबिग्रेड की मदद से आग पर जैसे तैसे काबू पा लिया। घटना में ट्रक का केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। राजस्थान के भीलवाड़ा से एक ट्रक की तकनीकी खामी को दूर कराने के लिए शिवपुरी के पड़ौरा चौराहा पर स्थित टाटा मोटर्स एजेंसी पर लाया जा रहा था। ट्रक संचालक ने ट्रक की पिछली बॉडी को भीलवाड़ा में ही निकलवा दिया था। तभी आज सुबह 5 बजे खरई गांव के पास ट्रक के केबिन में अज्ञात कारणों के चलते आग भड़क गई। ड्राइवर ने ट्रक को हाईवे पर खड़ा कर कूद कर अपनी जान बचाई थी। ट्रक में आग लगने की सूचना खरई गांव के रहने वाले नरोत्तम वर्मा ने पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही तेंदुआ थाना प्रभारी विवेक यादव मय दल के पहुंच गए थे। तत्काल फायरबिग्रेट को बुलाया गया था। इसके बाद आग पर जैसे तैसे काबू पाया गया। बाद में ट्रक को हाईवे से हटवा कर हाईवे की बंद पड़ी एक पट्टी से आवागवन शुरू कराया गया।

## 16 वर्षीय छात्र को पांच लोगों ने पीटा, आए 7 टांके

**खर्चे के लिए की गई मजदूरी के पैसे मांगने पर मिली सजा**

**जागरण, शिवपुरी।** पोहरी थाना क्षेत्र के बमरा गांव में 16 साल के एक छात्र द्वारा खर्चे के लिए की गई मजदूरी के पैसे मांगने पर पांच लोगों ने उसे पीट दिया। छात्र को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसके सिर में सात टांके आए हैं। साथ ही हाथ पैरों में भी गंभीर चोटें आई हैं।

बमरा गांव के रहने वाले 16 साल के दिलीप जाटव के मामा ब्रजमोहन ने बताया कि उसका भांजा दिलीप शिवपुरी के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता हैं। उसने छुट्टी के समय खर्चे के पैसों के लिए गांव में मजदूरी की थी। आज शुक्रवार को दिलीप अपने हॉस्टल जाने वाला था। इससे



पहले वह गुरुवार की रात 8 बजे अपनी के पैसे मांगने गया हुआ था।

पैसे मांगने पर उसके साथ हाकम, विष्णु, बादामी, दौलत राम, अरुण जाटव ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे गुरुवार की रात ही जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया था। इसकी शिकायत आज पुलिस में दर्ज कराई जाएगी।

### 100 ग्राम गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** करैरा पुलिस ने 22 हजार रुपए कीमत का एक किलो 100 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया हैं। करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई ने बताया कि पुलिस को आज सिरसौना गांव में गांजा बेचने वाले की सूचना मिली थी। पुलिस टीम को सिरसौना गांव भेजकर सिरसौना तिराहे से एक थैला लिए एक युवक को पकड़ा था। युवक के थैले में एक किलो सौ ग्राम गांजा पुलिस ने बरामद किया था। आरोपी ने अपना नाम केशव जाटव पुत्र हरुआ जाटव उम्र 38 वर्ष बताया था। आरोपी सिरसौना गांव का ही रहने वाला था। केशव जाटव के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इससे पहले भी आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित मारपीट की धाराओं में दो मामले दर्ज है।

## करैरा बीएमओ पर कार्रवाई के लिए संभागायुक्त को प्रस्ताव भेजा

**कुछ दिन पहले निरीक्षण में प्रभारी मंत्री को मिली थीं कमियां**

**जागरण, शिवपुरी।** कलेक्टर ने करैरा के स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ और डॉक्टर के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई के लिए संभाग आयुक्त को प्रस्ताव भेजा गया हैं। दरअसल जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कुछ दिनों पहले करैरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां उन्हें अस्पताल में अनगिनत खामियां मिली थी। निरीक्षण के दौरान प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार शर्मा की लापरवाही देखते हुए प्रभारी मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की थी और संबंधित पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

निरीक्षण के दौरान ड्यूटी चिकित्सक डॉ नरेंद्र माझी, वार्ड बॉय पंकज शर्मा, एनआरसी में सपोर्ट स्टाफ रश्मि जाटव ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए थे। इसके अलावा मैटरनिटी किचन कुक उमा जोशी और कुक सहायक अहिल्या परिहार द्वारा प्रसुताओं को डाइट चार्ट के अनुसार डाइट नहीं दी जा रही थी। प्रसुताओं को दो लड्डू के स्थान पर एक लड्डू ही दिया जा रहा था। इस पर भी नाराजगी व्यक्त की थी। जब अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तो गंदगी देख प्रभारी मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की थी। इसके अलावा लगातार सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान भी यह पाया गया है कि विकासखंड करैरा की सर्वाधिक सीएम हेल्पलाइन लंबित है, जिसमें जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना की राशि उपलब्ध कराने के बाद भी सीबीएमओ करैरा द्वारा संबंधित हितग्राहियों को योजना की राशि नहीं पहुंचाई गई है। राज्य स्तर पर जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत बजट बुकिंग में विकासखंड करैरा को दिए गए बजट 2 लाख 94 हजार में से केवल 5289 रुपए की ही बुकिंग ई-वित्त पोर्टल पर की गई है। इस योजना में भी बीएमओ करैरा की लापरवाही देखी गई है। ऐसे में कार्य के प्रति लापरवाही बरते जाने के कारण बीएमओ करैरा डॉ प्रदीप कुमार शर्मा और ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर नरेंद्र माझी के विरुद्ध कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने कार्यवाही के लिए संभाग आयुक्त को प्रस्ताव भेजा है।

### निःशुल्क हृदय रोग शिविर में एक सैकड़ा हृदय रोगियों का हुआ परीक्षण, 22 सर्जरी के लिए रवाना

**जागरण, शिवपुरी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क हृदय रोग निदान शिविर का आयोजन रेडक्रॉस के राजमाता विजयाराजे सिंधिया परिसर अस्पताल चौराहा शिवपुरी पर किया गया। जिसमें अनंत हार्ट हॉस्पीटल भोपाल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों का परीक्षण किया। शिवर में एक सैकड़ा हृदय रोगियों ने पंजीयन कराया तथा 22 हृदय रोगियों का सर्जरी के लिए चिन्हाकन कर ऑपरेशन हेतु भोपाल रवाना किया गया।

# जागरण गुना

गुना, 16 नवंबर , 2024 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.djmp.in/epaper


## राजस्व महा अभियान 3.0 का क्रियान्वयन 15 दिसंबर तक

**जागरण, सागर।** जिले में 15 नव बर से 15 दिसंबर 2024 तक राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन किया जाना है। जिला स्तर पर प्रभारी अधिकारी भू.अभिलेख एवं अनुविभाग स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी इस अभियान के नोडल अधिकारी होंगे। इस अभियान में कई गतिविधियां संपादित की जाना है। समय सीमा बाह्य बंटवारा प्रकरणों का निराकरण किया जाना है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सागर।** नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को सुरखी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सुरखी में 22 जुलाई 2024 को सुरखी निवासी फरियादी ने अपनी नाबालिग लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में रिपोर्ट लेख कराई थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 361/2024 खंड 137(2) बीएनएस 2023 कायम किया गया।

### ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों का पुलिस लाइन में आयोजित हुआ प्रशिक्षण

# यौन हिंसा की रोकथाम और सुरक्षा के प्रति जागरुकता का दिया संदेश

**जागरण, गुना।** पुलिस मुख्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार गुना पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार सिंहा के दिशा निर्देशन में जिले के समस्त थानों में कार्यरत ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों को योन हिंसा की रोकथाम, लैंगिक संवेदनशीलता एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु जिम्मेदार मर्दानगी - योन हिंसा की रोकथाम विषय पर प्रशिक्षण दिये जाने के लिये आज दिनांक 15 नवम्बर 2024 को गुना पुलिस लाईन में प्रातः 10:00 बजे से एक दिवसीय जिला स्तरीय सामुदायिक पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।प्रशिक्षण शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर एवं सीएसपी भरत नोटिया द्वारा शिविर में उपस्थित ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों को उदभोदित करते हुए कहा गया कि समाज को बेहतर व अपराध मुक्त बनाने में ग्राम एवं नगर रक्षा समीति के सदस्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है । आज के इस परिवेश में ग्राम एवं नगर रक्षा समीति के सदस्य पुलिस एवं जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी होकर, जो पुलिस की आँख और कान हैं तथा विषम परिस्थितियों में भी पुलिस के कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं । इसके साथ ही महिला सुरक्षा संबंधी प्रावधानों से अवगत कराते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों व इस हेतु शासन स्तर पर चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, साथ ही इस पहल में ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के दायित्वों के संबंध में उन्हें विस्तार से जानकारी दी गई एवं कहा गया कि इसके लिये खुद भी जागरूक हों और अपने परिवार तथा समाज को भी जागरूक करें । कार्यक्रम में ए.डी.पी.ओ. के.जी. राठौर, सामाजिक संस्था बी.एस.डब्ल्यू. से विपिन रघुवंशी एवं मुस्कान संस्था से सुसीमा देशमुख द्वारा सम्मिलित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों को शॉर्ट फिल्म एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिला अपराध, महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, योन हिंसा, बाल विवाह, गुड टच-बेड टच, लिंगभेद, बालक-बालिकाओं के लालन-पालन में भेदभाव आदि के संबंध में उदाहरणपूर्वक विस्तृत रूप में जानकारियां देकर प्रशिक्षित किया गया एवं साथ ही विभिन्न नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया गया । इस दौरान समिति के सदस्यों से भी महिला सुरक्षा एवं अपराधों से संबंधित सवाल-जबाव कर उन्हें जागरूक करने के प्रयास किये गये ।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा संकल्प लिया गया कि हम समाज में लिंग भेद एवं लिंग आधारित हिंसा को रोकेंगे और न ही स्वयं हिंसा करेंगे और न अपने परिवार व समाज के लोगों को करने देंगे । हिंसा होने की स्थिति में पीड़ित को न्याय दिलाने के लिये हर संभव प्रयास करेंगे एवं समाज में व्याप्त अपराधों की रोकथाम के लिये पुलिस का सहयोग करेंगे । प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, सीएसपी गुना भरत नोटिया आदि मौजूद रहे।



## हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गुना।** म्याना थाना अंतर्गत फोरलेन हाइवे पर तिनसयाई रोड के पास शुक्रवार सुबह एक युवक को अज्ञात वाहन ने रोंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन ऊपर से निकलने में शव भी क्षत-विक्षत हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार भूरा पुत्र छुट्टन कुशवाह (35) निवासी तिनस्याई रोड म्याना को सुबह-सुबह किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक पेदल सडक़ पार कर रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। भूरा कुशवाह मूलरूप से गुरवाई खेड़ा का रहने वाला था। लेकिन पिछले क?ई सालों से वह यहां रह रहा था। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज कार्नर

### कलेक्टर ने नायब तहसीलदारों के प्रभार में किया परिवर्तन

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से अनुराग जैन नायब तहसीलदार को वृत्त पनवाड़ीहाट तहसील आरोन से वृत म्याना तहसील गुना (ग्रामीण) के लिये नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार श्री नरेन्द्र यादव नायब तहसीलदार को कार्यालय कलेक्टर गुना से वृत्त छावनी तहसील गुना (नगर) के लिये नियुक्त किया गया है। श्रीमति आरती गौतम नायब तहसीलदार को वृत्त छावनी तहसील गुना (नगर) से कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा गुना के लिये नियुक्त किया गया है। श्री मयंक खेमरिया नायब तहसीलदार को वृत्त म्याना तहसील गुना (ग्रामीण) से वृत्त पनवाड़ीहाट तहसील आरोन नियुक्त करने के आदेश जारी किये गये हैं।

### उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ बाल मेले का आयोजन

**गुना।** स्थानीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9 से लेकर 12 वी तक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। साथ ही शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी सहयोग रहा। वहीं इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व कविता पाठ, चित्रकला, पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। छात्र-छात्राओं ने बाल मेले में विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए। जिन पर स्कूल के प्राचार्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पहुंचकर स्टालों का जायजा लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर विधालय के प्राचार्य एचएन जाटव द्वारा की गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोविंद मीना द्वारा किया गया।

### दुर्घटना से बचाव के लिए माकड्रिल का प्रदर्शन

**गुना।** भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बीना कोटा पाइपलाइन द्वारा गुना जिले में लेवल -3 ऑफसाइट मॉकड्रिल करायी गई। जिसमे प्रसाशन और पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिसमें पुलिस विभाग से भरत नोटिया (डीएसपी) एवं अनूप भार्गव थाना प्रभारी कैंट मौजूद थे। इसके साथ गेल विजयपुर के और नगर पालिका के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस ड्रिल का उद्देश्य किसी आपातकालीन स्थिति में कैसे उसको काबू किया जाये और आस पास के लोगों को कैसे दुर्घटना से बचाए जाए के तहत किया गया।भारत पेट्रोलियम और प्रशासन ने मिलकर इमरजेंसी रिस्पांस एवं डिजास्टर मैनेजमेंट के तहत इस प्रक्रिया का पालन किया।

### आदिवासी बाहुल्य में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित

**गुना।** मिनिस्ट्री ऑफ़ पंचायती राज भारत सरकार के तरफ़ से चयनित पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं जिपं सीईओ श्री प्रथम कौशिक एवं जनपद सीईओ राघौगढ मोनिका झारिया के मार्गदर्शन में जनजातीय समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों एवं राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएलए) योजना के अंतर्गत विभिन्न चयनित ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा एवं उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस क्रम में आज राघोगढ़ के ग्राम उमरिया, बरखेड़ी डांग, गोड़िया, इशतोड़ा, चैनपुरा, बारियाखेड़ा, परसोलिया, लक्ष्मणपुरा, बरखेड़ी, गादेर, पाटन, बोरदा, ऊनीगजपूरा, कोलारस, मोहम्मदपुरा, भगवतीपुर एवं महू में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गयाद्य विशेष ग्राम सभा में प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

### कैंट पुलिस ने किया चोरी की वारदात का खुलासा

# शिव मंदिर से शिवलिंग का कलश चोरी करने वाला आरोपी दबोचा, अन्य सामान भी बरामद



**जागरण, गुना** पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में सीएसपी गुना भरत नोटिया के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा थाना अंतर्गत गोपालपुरा में शिव मंदिर से शिवलिंग का तांबे का कलश व अन्य पूजा सामग्री चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी चोर को गिरफ्तार कर जिससे चोरी गया तांबे का कलश व अन्य पूजा सामग्री बरामद करने में उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की गई है । उल्लेखनीय है कि फरियादी कुलदीप राही निवासी गोपालपुरा केंट गुना द्वारा कैंट थाने पर रिपोर्ट करते हुए बताया था कि 4 नवंबर 2024 को गोपालपुरा स्थित शिव मंदिर के शिवलिंग के ऊपर स्थापित तांबे का कलश एवं आरती में उपयोग की जाने वाली पीतल की विजय घंटी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है । जिस पर से कैंट थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 1063/2024 धारा 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया था । धार्मिक आस्था के केन्द्र शिव मंदिर से चोरी की उपरोक्त घटना को गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा संवेदनशीलता से लेकर प्रकरण के अज्ञात आरोपी क जल्द से जल्द पतारसी कर उसे गिरफ्तार करने व चोरी गई सामग्री बरामद करने के निर्देश दिए गए । निर्देशानुसार कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव अपनी टीम के साथ अज्ञात आरोपी की तलाश व पतासाजी में सक्रियता से जुट गए एवं इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर विभिन्न तकनीकि संसाधनों की मदद से अज्ञात आरोपी की पहचान के प्रयास किये गए । जिसके परिणाम स्वरुप शिव मंदिर में चोरी करने वाले अज्ञात आरोपी की शीघ्र ही पहचान कर जिसकी तलाश में सघन दबिशें दी गई और आरोपी के संबंध में गत दिनांक 14 नवंबर 2024 को मुखबिर से मिली सूचना पर कैंट थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर आरोपी देवेन्द्र पुत्र स्व.अशोक वाल्मीक उम्र 40 साल निवासी ढोंगापुरा कैंट गुना को गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से शिव मंदिर से चोरी गया तांबे का कलश एवं आरती में बजाने का पीतल का विजय घंटा बरामद कर लिया गया ।

### अवैध कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

कैंट थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के साथ जिले से जिलाबदर किया गया एक बदमाश गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि 14-15 नवंबर की रात में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गोपालपुरा तालाब के पास से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी राणा पुत्र बृजमोहन रजक उम्र 24 साल निवासी नईबस्ती कुशमौदा गुना को गिरफ्तार कर जिसके विरुद्ध कैंट थाने में अप.क्र. 1100/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि अवैध शराब के साथ पकड में आया आरोपी राणा रजक एक आदतन अपराधी है, जिसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने के लिये गुना जिला दण्डाधिकारी द्वारा अपने आदेश 1 अप्रेल 2024 से जिसे गुना जिले की सीमा के अलावा आसपास के जिले की सीमा से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला बदर किया गया था।

### त्योहार के मौके पर गुरुद्वारे में हुई आकर्षक साज-सज्जा

# प्रकाश पर्वः गुरूद्वारे में हुई अरदास, लंगर भी आयोजित



गुना। गुरूद्वारे में उपस्थित श्रद्धालु

**जागरण, गुना।** सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव की 555 वी जयंती प्रकाश पर्व के रुप में धूमधाम से मनाई जा रही है। इस मौके पर आज गुरुद्वारा में अखंड पाठ के साथ अरदास हुई। वहीं त्योहार के मौके पर गुरुद्वारे को आकर्षक साज-सज्जा के साथ सजाया गया है। आज सुबह से ही बड़ी संख्या में सिख समाज के लोगों का गुरुद्वारा पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह 9 बजे अखंड पाठ के बाद पहली अरदास हुई। वहीं 10 से 12 बजे तक विशेष कीर्तन किया गया। गुरु नानक देव जयंती प्रकाश पर्व के मौके पर विशेष कीर्तन के लिए इस बार अमृतसर से अमरजीत सिंह के नेतृत्व में रागी जत्था गुना आया है। प्रकाश पर्व पर अखंड पाठ, अरदास और विशेष कीर्तन के बाद गुरुद्वारे में लंगर शुरू किया गया है,जो देर शाम तक चलेगा। लंगर में हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इससे पहले गुरुवार को प्रकाश पर्व के मौके पर सिख समुदाय द्वारा शहर में नगर कीर्तन निकाला गया था। इस दौरान गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा से पंच प्यारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई थी। देर शाम नगर कीर्तन वापस गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुआ था।

### गर्भनिरोधक सेवाओं के लिए शिविर का आयोजन

# स्वास्थ्य देखभाल शिविर में 918 महिला-पुरुषों को मिला लाभ



**जागरण, गुना।** आयुष विभाग म.प्र. शासन द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना अन्तर्गत विगत दिवस जिले में संचालित सभी 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में परिवार नियोजन गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं हेतु निःशुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में निःशुल्क जांच परीक्षण एवं परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक सेवाएं और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल हेतु जागरूकता एवं परामर्श प्रदान किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ.जी.के धाकड़ ने बताया कि इन शिविरों में मुख्यतः विवाह की सही उम्र, दो बच्चों के बीच में 3 वर्ष का अंतर,परिवार सीमित रखना, परिवार नियोजन के अस्थाई एवं स्थाई उपाय आदि के बारे में जानकारी प्रदाय की गई। शिविर में निःशुल्क हीमोग्लोबिन, शुगर, बी.पी का परीक्षण कर औषधि वितरण किया गया। साथ ही पुनः फालोअप के लिए प्रेरित कर कुल 918 महिला एवं पुरुषों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिलें के समस्त आयुष चिकित्सक/ सीएएमओ/ आयुष कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## पांच हजार का इनामी वारंटी सहित दो पकड़े

**गुना।** धरनावदा थाना अंतर्गत 05 हजार रूपये के इनामी स्थाई वारंटी सहित एक अन्य स्थाई वारंट में विगत 05 वर्षों से फरार चल रहा स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब है कि धरनावदा थाने के अप.क्र. 192/18 धारा 294, 148, 336, 353, 427, 506 भादवि में आरोपी आर्यन पारदी निवासी ग्राम बीलाखेड़ी थाना धरनावदा के घटना दिनांक से ही फरार रहने पर जिसकी गिरफ्तारी पर गुना पुलिस अधीक्षक की ओर से 05 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। इसी प्रकार प्रकरण क्रमांक 382/14 धारा 498, 419 भादवि एवं 4, 6 दहेज प्रतिषेद अधिनियम में आरोपी भगवानलाल यादव निवासी ग्राम मोतीपुर चौकी थाना जेपला राजस्थान के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी भगवानलाल यादव के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था । मुखबिर से मिली अलग-अलग सूचनाओं पर धरनावदा थाना पुलिस ने 05 हजार का ईनामी वारंटी आर्यन पुत्र रामनाथ पारदी थाना धरनावदा, वारंटी भगवानलाल पुत्र रामचरण यादव उम्र 40 साल निवासी ग्राम मोतीपुर चौकी थाना जेपला जिला बारां राजस्थान को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# मोबाइल की टॉर्च से उजाला कर खेल रहे थे जुआ, पुलिस ने दबोचा

### मौके से 8,750रू नकदी सहित तास की गड्डी बरामद

**जागरण, गुना।** गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं है । इसी सिलसिले में प्रभारी सीएसपी गुना भरत नोटिया के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा बीती शाम थाना क्षेत्र के ग्राम भावपुर में जुए की सूचना पर दविश देकर जुआ खेल रहे 06 जुआरियों पर कार्यवाही की गई । उल्लेखनीय है कि गत दिनांक 14 नवंबर 2024 की शाम को केंट थाना क्षेत्र के ग्राम भावपुर के खेतों में टॉर्च की रोशनी में कुछ लोगों के तास पत्तों से रूपयों की हारजीत के दाव लगाकर जुआ खेले जाने की मुखबिर सूचना पर केंट थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल ग्राम भावपुर के खेतों में मुखबिर की बताई जगह पर पहुंचकर देखा तो वहां पर टॉर्च के उजाले में पांच-छह लोग तास-पत्तों से रुपयों की हारजीत का मांग पत्ती का खेल खेलते दिखे, पुलिस फोर्स द्वारा जिनको घेराबंदी कर बमुश्किल भागते गिरते उठते पकड़ लिया गया । जिन्होंने पूछताछ पर अपने नाम 1-हरिओम पुत्र राजाराम कुशवाह उम्र 41 साल निवासी ग्राम पिपरौदा खुर्द, 2-देवकुमार पुत्र रामचरण बाल्मीक उम्र 40 साल निवासी मथुरा कॉलोनी गुना, 3-शुभम पुत्र सीताराम बाल्मीक उम्र 28 साल निवासी सिसोदिया कॉलोनी गुना, 4-रिंकू पुत्र रामप्रसाद बाल्मीक उम्र 34 साल निवासी पुरानी छावनी गुना, 5-बंटी पुत्र मुन्नालाल रजक उम्र 27 साल निवासी भुल्लनपुरा गुना एवं 6-अनिल पुत्र चिमनलाल बाल्मीक उम्र 30 साल निवासी कर्नेलगंज गुना के होना बताये । पुलिस द्वारा मौके से कुल 8,750/- रूपये नकदी व तास की एक गड्डी विधिवत जप्त कर सभी जुआरियों के विरुद्ध कैंट थाने में अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, प्रदीप धाकड, अभिनेष रघुवंशी, धर्मेन्द्र रघुवंशी आदि शामिल है।

## पुलिस ने अशोकनगर से नाबालिग को किया दस्तयाब

**जागरण, गुना।** नाबालिग बालिका के गायब होने के मामले में सक्रियता पूर्वक कार्यवाही करते हुए अपहृत बालिका को अशोकनगर जिले से दस्तयाब कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि 8 नवंबर को पीडित नाबालिग बालिका के पिता की ओर से जिले के म्याना थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 7-08 नवंबर 2024 की मध्य रात्रि में उसकी 16 वर्षीय पुत्र घर पर बिना कुछ बताए कंही चली गई है, जिसे उन्होंने सभी संभावित जगहों पर तलाश कर लिया है, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है । जिसकी रिपोर्ट पर से म्याना थाने में अपराध क्रमांक 412/24 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था ।

थाना क्षेत्र से नाबालिग बालिका के गायब होने के मामले को पुलिस द्वारा गंभीरता से लिया और मुखबिर तंत्र सक्रिय कर विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद से बालिका को खोजने के निरंतर प्रयास किये गये। जिसके परिणाम स्वरूप बालिका के अशोकनगर जिले में होने की जानकारी मिलने पर बीते रोज म्याना थाना पुलिस द्वारा अपहृत बालिका को अशोकनगर जिले से दस्तयाब कर लिया गया ।

### बिरसा मुण्डा जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य किया प्रस्तुत



**जागरण, गुना।** बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रों द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके बाद महारानी लक्ष्मीबाई उ.मा. विद्यालय, पीएम श्री कन्या उ.मा. विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रमों के माध्यम से आदिवासी लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि, हमारे देश में पहले जाति व्यवस्था नही थी, सिर्फ नगरवासी, गांववासी, वनवासी एवं गिरिवासी व्यवस्था हुआ करती थी। यही हमारे समाज के आधार थे। ऐसे कार्यकम के माध्यम से हम उन महान पुरूषों को याद करें, जिन्होंने हमारे देश के लिए बलिदान दिया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लिए शामिल किया गया है। जिसका उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों और आकांक्षी जिलों 500 या उससे अधिक जनसंख्या वाले तथा कम से कम 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या वाले ग्राम। आंकाक्षी जिलों के वे ग्राम जिनमे जनजातीय वर्ग की जनसंख्या 50 से अधिक है। जिले के 127 ग्राम पंचायतों के 229 ग्रामों को शामिल किया गया है। 18 लाइन विभागों की 25 इंटरवेशंस/ स्कीम शामिल है। जिसमें बुनियादी ढांचा विकसित करना, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य जीवन एवं गरिमापूर्ण वृद्धावस्था को लक्षित किया गया है। अभियान के तहत शासन की योजनाओं के अंतर्गत सभी जनजातीय वर्ग के पात्र हितग्राहियों का सैचुरेशन करना है। विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगायी एवं हितग्राहियों को वितरित किये गये हितलाभ कार्यक्रम के आयोजन के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग, लोक सेवा प्रबंधन, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अनुसूचित जाति जनजाति विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं विभिन्न उत्पाद से संबंधित प्रदर्शनी के स्टॉल लगाये गये, कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी, भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, अन्य जनप्रतिनिधिगण श्री विकास जैन एवं श्री रमेश मालवीय सहित कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक, डिप्टी कलेक्टर श्रीमति जिया फातिमा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवानी पाण्डे, बी. सिसोदिया, तहसीदार नगर श्री जी.एस. बैरवा सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग एवं आमजन उपस्थित रहे।

# दीप प्रज्जवलित कर मनाई बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती



**जागरण, गुना।** क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय, गुना के संस्थापक कुलगुरु प्रो. किशन यादव के मार्गदर्शन एवं कुलसचिव प्रो. आर. के. वर्मा के निर्देशन में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कैलाश धाकड, वरिष्ठ पार्षद, एवं विशिष्ट अतिथि जगवीर सिंह चौहान, मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में शहडोल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विश्वविद्यालय में प्रसारित हुआ। विशिष्ट अतिथि श्री चौहान ने कहा कि वीर बिरसा मुण्डा एक क्रांतिकारी के रूप में प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने संघर्ष की पराकाष्ठा तक अंग्रेजों से लोहा लिया। जनजातीय समाज को संगठित होकर देश के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव प्रो आर.के. वर्मा ने कहा कि समाज के महानायक क्रांतिकारी वीर बिरसा मुण्डा जल, जंगल और जमीन के संरक्षक एवं संवर्धक रहे हैं। उन्होंने स्वराज्य की लड़ाई लड़ी एवं अपनी पीड़ित समाज के लोगों को जागरुक किया। डॉ. शकुन्तला प्रजागति ने अदिवासी जनजातीय पर विस्तार से प्रकाश डाला।